Perkins India

बधिरान्ध बच्चों के लिए हाथ और स्पर्श का महत्व

बारबरा माइल्स द्वारा

कई साल पहले मेरे दिमाग में एक विचार आया जो बदल गया - और बदल रहा है - जिस तरह से मैं बधिरान्ध बच्चों और वयस्कों के साथ बातचीत करती हूं ।विचार कुछ इस तरह थे :

जो लोग देख और सुन सकते है,ज्यादातर अपने हाथों का उपयोग एक साधन की तरह करते हैं। मैं चीजों को थामने, चीजों में जोड़-तोड़ करने, चीजों को रखने के लिए अपनी उंगलियों और अँगूठे का उपयोग करती हूं। (मैंने अभी एक कलम पकड़ी हुई है और इससे लिख रही हूँ । कलम , उपकरण को मेरे हाथ के विस्तार के रूप में देखा जा सकता है)

बहुत से, बधिरान्ध बच्चों और वयस्कों को भी उपकरण के रूप में अपने हाथों का उपयोग करने की आवश्यकता होती है। लेकिन(और यह मेरे विचार का महत्वपूर्ण हिस्सा था) उन्हें आंखों और कानों के रूप में भी अपने हाथों का उपयोग करने की आवश्यकता है - जानकारी प्राप्त करने के तरीके के रूप में - और एक तरह की आवाज़ - स्वयं को व्यक्त करने का प्राथमिक तरीका। और, कई अपने ज्ञानेन्द्रियो को नियंत्रित करने के तरीके के रूप में भी अपने हाथों का उपयोग करते हैं- उदाहरण के लिए,वे अपने हाथों को मोड़ सकते हैं या अपने सिर को थपथपा सकते हैं, शायद खुद को कुछ प्रोत्साहन देने का प्रयास करते हैं क्योंकि वे अपनी आंखों और कानों से देख और सुन नहीं पाते हैं। (मैं भी लगभग ये सारी चीजें अप्रत्यक्ष तरीके से करती हूँ , कभी-कभी अपनी उंगलियों को थपथपाती हूं या अपने बालों पे हाथ फेरती हूँ या कलम के साथ खेलती हूं)

यह समझते हुए कि एक व्यक्ति जो की बधिरान्ध है, बहुत सारे कार्यों के लिए अपने हाथों का उपयोग करता है, और यह महसूस करता है कि उसके हाथ उसके लिए कितने महत्वपूर्ण हैं, अब मैं उनसे अलग तरीके से बातचीत करती हूं।

Perkins School for the Blind India Foundation · India@Perkins.org · PerkinsIndia.org

124-127 Cotton Depot, Cotton Green, Mumbai 400033 · +91 9326452887

175 North Beacon Street · Watertown, MA 02472 · +1 617-972-7222

एक बात जो मैं अब लगभग हमेशा करती हूं जब पहली बार एक बधिरान्ध बच्चे से मिलती हूं (और जब भी मैं बातचीत शुरू करती हूँ), तो उसके हाथों को बहुत ध्यान से देखती हूँ । मैं देखती हूं कि वे विभिन्न क्षणों पर अपने हाथों का उपयोग कैसे कर रहे हैं । वे आंखों की तरह अपने हाथों का उपयोग कब कर रहे हैं? कब कान की तरह? कब उपकरण की तरह? कब आवाज़ की तरह? कब आत्मप्रोत्साहन के लिए? हाथों के कृतियों को विभेदना हमेशा आसान नहीं होता है। अंतर सूक्ष्म हो सकता है। लेकिन मैंने पाया है कि जितना अधिक मैं इन अन्तरो को समझने का अभ्यास करुँगी, उतना ही बेहतर मैं एक बच्ची को उसके हाथों के कृतियों से समझ सकूँगी ।

उदाहरण के लिए, मैं देख सकती हूं कि एक बच्ची अपने सपाट हाथ को हिलाते हुए बाहर निकालती है, वो एक मेज को अवलोकित करती है: मैं देखती हूं कि वह अपनी हाथो से "देख" रही है और आंखों के लिए विकल्प के रूप में उनका उपयोग कर रही है। पलो बाद उसे एक कप उठाते हुए देख सकती हूँ जो उसने वहाँ ढूँढा है और उसे अपने होठों पर लगाती है : उसके हाथ तब एक उपकरण का काम करते हैं। शायद मैं उसे कप को नीचे रखते हुए देखूँ और कप के किनारे पर बनावट का पता लगाने के लिए वो एक उंगली का उपयोग करे: फिर से वह देख रही है, इस बार बहुत ही सावधानी से ।शायद वह अपने हाथों को सामने की तरफ मेज़ पर समतल रखती है ताकि वह पास से गुज़र रहे भारी कदमों के कम्पन को महसूस कर सके : उसके हाथ एक पल के लिए उसके कान हो गए हैं जो की आवाज़ को महसूस कर रहे हैं। वह तब उस तरफ पहुंच सकती है जिधर वह पदछाप का अनुमान लगाती है, ऐसा लगता है कि इशारे में वो कहना चाहती है, "आओ यहाँ! "या" वह कौन है ?! " उस क्षण उसके हाथ उसके लिए

आवाज़ की तरह हो जाते हैं। अगर वह कुछ समय के लिए अकेली छोड़ दी जाती है,तो वह अपने सिर को अपनी उंगलियों से थपथपाना शुरू कर सकती है: यह खुद को आवश्यक प्रोत्साहन देने का एक तरीका हो सकता है।

कभी-कभी मैं केवल अपनी आंखों से कार्यों में अंतर नहीं कर सकती हूँ। किसी बच्चे को किसी वस्तु, किसी अन्य व्यक्ति को स्पर्श करने से मुझे पता नहीं चल सकता है कि क्या वह वास्तविक रूप से स्वयं के हाथों से "देख रही है" या फिर वह यूँ ही उसपर निगाह डाल रही है , अपने हाथ का इस्तेमाल केवल स्वप्रोत्साहन के लिए कर रही है न की किसी जानकारी के लिए । लेकिन, अगर मैं अपने हाथ उसे पेश करती हूं, तो मैं उसके स्पर्श की गुणवत्ता को महसूस कर सकती हूं।मेरे अपने हाथ उसे सुन सकते हैं और मुझे बता सकते हैं कि क्या वह वास्तव में ग्रहणशील, या अनुपस्थित, या उत्सुकतापूर्ण है। कभी-कभी जब मैं किसी बच्चे के हाथ के द्वारा बातचीत करती हूं तो मैं कुछ क्षणों के लिए अपनी आंखें बंद करती हूं ताकि मैं अपने स्पर्श इन्द्रिय पर ध्यान केंद्रित कर सकूं, और मैं कम से कम थोड़े समय के लिए उसकी स्पर्श दुनिया में प्रवेश कर सकूँ। हाथों के इन विभिन्न कार्यों को ध्यान में रखते हुए, बच्चे के हाथों से बातचीत करने का यह अभ्यास, मेरे कौशल में सुधार करता है।

कई संकेत हैं जो कि अब मैं एक बधिरान्ध बच्चे के हाथों से अपने हाथों द्वारा बातचीत के दौरान आसानी से इस्तेमाल करती हूँ। एक चीज़ जो मैं अक्सर करती हूं जो की मैंने अभी वर्णित किया है: मैं एक ग्रहणशील तरीके से अपने हाथों की पेशकश करती हूं, आमतौर पर हथेलियों को ऊपर की तरफ रखती हूं ,उनके हाथों के नीचे। मैंने पाया है कि बच्चे बता सकते हैं कि मेरे हाथ कब उनके हाथों को सुन रहे हैं। अगर मेरे हाथ खुले,नम्य, आराम से और क्रियाशील हैं, तो बच्चा हमेशा या तो छानबीन करता है या इशारा करता है या कोई खेल करता हुआ जवाब देता है। यह इशारा यह कहने के बराबर है,"मैं यहाँ आपके साथ हूँ और आपको ध्यान पूर्वक सुन रहा हूँ।आपको क्या कहना है ?"और कौन यह सुनना पसंद नहीं करता है?

जब कोई बच्चा अपने हाथों से एक संचार का खेल शुरू करता है, तो मैं अपने तरीके से उसपर प्रतिक्रिया दे सकती हूं, जो की उसके क्रिया की प्रतिध्वनि होती है। हम एक साथ अपने हाथों से बातचीत कर सकते हैं जो समय के साथ विकसित हो सकता है। हम मोड़ ले सकते हैं, हम नए प्रवित्तियों का आविष्कार कर सकते हैं, हम एक-दूसरे के हाथों को जान सकते हैं। अक्सर बहुत छोटे बच्चों के साथ, या उन बच्चों के साथ जो वास्तविक दुनिया के बारे में उत्सुक नहीं हैं, यह एक बढ़िया शुरुआत है, और एक भरोसेमंद रिश्ते का निर्माण कर सकता है और एक बच्चे की अपने शरीर और दूसरे की शरीर के अतिरिक्त वास्तविक दुनिया में क्रमिक बढ़ती दिलचस्पी पैदा कर सकता है।

एक और बहुत ही प्रभावशाली इशारा है जिसे मैं "संयुक्त स्पर्श ध्यान" कह सकती हूं," जो कि इशारा संकेत के समक्ष होता है उसे अक्सर स्वाभाविक रूप से उस बच्चे के साथ उपयोग किया जाता है जो देख सकता है। पिताजी कहते हैं, "देखो!" "एक कुत्ता!" और उस ओर इशारा करते हैं जिधर दोनों देख रहे हैं।

यह भाषा विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है, और इसे स्पर्श ढंग में दोहराया जाना चाहिए उन बच्चों के लिए जो दृष्टि दिव्यांग हैं या जो जानकारी प्राप्त करने के लिए अपनी दृष्टि का उपयोग नहीं करता है।

संयुक्त स्पर्श ध्यान से यह पता चलता है कि कोई बच्चा अपनी उंगलियों या हाथ से क्या ध्यान दे रहा है, और फिर उसके साथ उसे इस तरह से छूना जिससे उसे लगे की मैं भी इसे "देख" रहा हूं। एक प्रासंगिक कहानी जो की प्री-स्कूल कक्षा से है: एक चार वर्षीय बच्ची जो दृष्टि दिव्यांग थी (परन्तु बोल सकती थी) एक दिन स्कूल आई और अपने शिक्षक से कहा," देखो! मुझे अपने बालों के लिए एक नया फीता मिला है ! " उसके शिक्षक ने कहा ," बहुत प्यारा है !" छोटी बच्ची ने कहा, "रुको! आपने इसे अभी तक नहीं देखा! " जिसके बाद शिक्षक को, अपनी गलती का एहसास हुआ ,उन्होंने फीते को स्पर्श किया। उसके बाद शिक्षक ने कहा," हाँ, यह बहुत सुन्दर है।" उसके बाद उस बच्ची के चेहरे पर मुस्कराहट आई। बच्ची ने ,बेशक, शिक्षक का हाथ फीते पर महसूस नहीं किया था, इसलिए उसने सोचा कि शिक्षक ने इसे नहीं देखा था। [पाद टिपण्णी : पेग पाल्मेर की कहानी से , BESB, कनेक्टिकट, यू एस ए.] । संतोषजनक वार्तालापों की शुरुआत में ही, जो लोग देख सकते है और जो बच्चे दृष्टि दिव्यांग हैं या बधिरान्ध हैं, उनके साथ संयुक्त स्पर्श का ध्यान रखना चाहिए। मुझे एक बच्ची को यह ज्ञात कराने के लिए मैंने उन्हें "देखा" है, कई चीजों को उसके साथ-साथ स्पर्श करना चाहिए।



एक पारस्परिक संदर्भ या विषय रखने के लिए भाषा के संयुक्त स्पर्श के कई अनुभव होने चाहिए। हालांकि, यह स्पर्श बहुत नाज़ुक होता है और शिक्षकों और वार्तालाप भागीदारों को इसके लिए बहुत अधिक अभ्यास की आवश्यकता होती है । मुझे बगैर नियंत्रण के छूना चाहिए, और मुझे यह सुनिश्चित करना होगा कि बच्ची अपनी उंगलियों या शरीर से यह जानती है कि मैं वस्तु को "देख" भी रही हूं,और मैं वस्तु को वैसे ही समझ रही हूँ जैसे की वो बच्ची। अक्सर इसका मतलब है कि मेरी उंगलियों को एक बच्चे की उंगलियों के साथ-साथ चलाना जब वो उस वस्तु की जांच कर रही है ,या अपनी उंगलियों को उसकी आखिरी दो उंगलियों (पहली नहीं - वे हैं जो अधिकतर जानकारी प्राप्त करने में उसकी मदद करती हैं और मैं उसकी धारणा में हस्तक्षेप नहीं करना चाहती) के नीचे रखना , जब वह अपना पूरा हाथ चला रही हो।

मैं बीस साल से इस कौशल का अभ्यास कर रही हूं, और फिर भी मुझे उस प्रत्येक नए बच्चे के साथ जिससे मैं मिलती हूँ, इसकी सूक्ष्मता सीखने की जरुरत है। एक समाधान जो मैंने पाया है वह है कि वास्तविक रूप से उन विशेष बनावट और आकृतियों में रुचि लो जिसमें वो बच्चा जिसके साथ मैं संलग्न हूँ रूचि ले रहा है। यदि मैं केवल एक तकनीक के रूप में ऐसा करती हूं, न कि पूरी दिलचस्पी के साथ तो , बच्चा आमतौर पर मुझे बता सकता है , या फिर मुझे खुद से दूर कर सकता है , या स्वतः ही दिलचस्पी खो देता है।

एक बार जब बच्ची मेरे साथ संयुक्त स्पर्श ध्यान साझा करने का आदी हो जाती है, और एक बार जब वह मेरे हाथों को अपने स्पर्शपूर्ण दुनिया के एक दिलचस्प और उत्तरदायी हिस्से के रूप में मानकर आरामदायक हो जाती है, तो मैं हाव-भाव ,संकेत, भाषण, चित्र, वस्तुओं का उपयोग करके स्पर्श कि हुई चीज़ों को नाम दे सकती हूं - जो भी प्रतीकात्मक तरीके उसके लिए सबसे आरामदायक और सुलभ हैं। भाषा हमें साथ में दुनिया को देखने में स्थापित

कर सकती है , जैसा की यह उस देख सकने वाले बच्चे के लिए है जिसका पिता जब उस बच्चे को कुत्ते की तरफ देखते हुए देखता है और इशारा करते हुए कहता है, " कुत्ता ! वो देखो कुत्ता !"

मैं बच्चे के हाथों को दुनिया में बाहर भी आमंत्रित कर सकती हूं और उसकी खोज की भावना को प्रोत्साहित कर सकती हूं।मेरा हाथ बच्ची के हाथ के नीचे होने से, जो की मेरे हाथों में आराम से रहेगा यदि मैं धीरजपूर्वक उसके हाथों से दोस्ती कर लूंगी , मैं अपना हाथ उधर घूमा सकती हूँ जिसे मैं उसे स्पर्श कराना चाहती हूँ ।["देखिये" उसके हाथ से]. मैं वस्तु या व्यक्ति को स्वयं स्पर्श कर सकती हूं, मैं स्वयं इसका पता लगा सकती हूं, और बच्ची इसे अपने लिए ढूंढ सकती है। जब मैं उसके हाथ को स्वतंत्र रखूं, तो वह दूर खींच सकती है,अगर वह असहज है। बीस वर्षों से मेरा अनुभव यह है कि एक बच्चा जिसके हाथ का सावधानीपूर्वक गैर-नियंत्रण स्पर्श वाला व्यवहार होता है, वो आस-पास की दुनिया के बारे में अधिक भरोसेमंद और उत्सुक हो जाता है, वह हाथों से अधिक अभिव्यक्तिपूर्ण होता है, और एक व्यक्ति के रूप में मजबूत होता है। हमारे हाथ, आखिरकार, स्वयं के प्रतिनिधि हैं। वे हमारे लिए दुनिया में स्वयं को व्यक्त करने और दुनिया के साथ कार्य करने का रास्ता है। और दृष्टि दिव्यांग और बधिरान्ध बच्चों के लिए वे दुनिया को जानने के महत्वपूर्ण रास्तें भी हैं। साथ में स्पर्श से, हम एक साथ सीख सकते हैं, और एक साथ हम दुनिया के असंख्य बनावट और आकृतियों के प्रति शिष्ट हो सकते हैं। एक साथ हम अपने आस-पास की हर चीज की जीवंतता को अधिक से अधिक महसूस करना सीख सकते हैं।

परिशिष्ट: ऐसे बच्चे जिनके लिए उनके हाथों का बहुत कम या कोई उपयोग नहीं है, यही सिद्धांत लागू होते हैं। बस इतना है कि मुझे यह जानने के लिए कि वो दुनिया के बारे में कैसे सीखती है अब केवल उसके हाथ के संकेतो पर ध्यान न देकर , उसके संपूर्ण शरीर को देखना पड़ेगा । शायद निश्चित रूप से वो अपने पैरों के माध्यम से चीजें या लोगों को पहचानती है। या फिर अपने भुजाओं से। या अपने चेहरे से।इन सभी मामलों में, मुझे उसके साथ सावधानीपूर्वक संपर्क करके संयुक्त स्पर्श करने का एक तरीका ढूंढना चाहिए जिससे उसे पता चले कि मैं भी वो ही "देखती" हूं जो वो देखती है , चाहें वो जैसे भी देखती है। ऐसा करने का व्यक्तिगत तरीका हर बच्चे में भिन्न होता है, क्योंकि प्रत्येक बच्चा अपने अद्वितीय तरीके से दुनिया को जानता है।और प्रत्येक बच्चे के लिए, वार्तालाप भागीदारों को जानने के इन अनूठे तरीकों के बारे में लगातार चौकस रहना चाहिए, और बच्चे के साथ मिलकर हमेशा उनके लिए दुनिया को समझने के नए तरीकों की तलाश करना चाहिए।